हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 30 मार्च 2024

06 उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भाजपा नेता जसपाल ...



07 अच्छे स्वास्थ्य और रोजगार के लिए पलायन को ...





**लोक सभा क्षेत्र**

सतना

1 **भाजपा प्रत्याशी**
गणेश सिंह

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
सिद्धार्थ कुशवाहा

**पिछली बार कौन जीता**
गणेश सिंह

**जीत का अंतर**
2 लाख 31 हजार, 473

## क्या रहेंगे मुद्दे?

सतना ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां राष्ट्रीय के साथ प्रादेशिक और स्थानीय मुद्दे भी चुनाव में असर डालते हैं। भाजपा यहां मोदी लहर पर सवार है, लेकिन सांसद गणेश सिंह से नाराजगी भी मुद्दा है। व्यक्तिगत नाराजगी के कारण ही वे विधानसभा का चुनाव हार गए। सतना में जातीय समीकरण भी मुद्दों की तरह काम करते हैं। कई समाजों की दूसरे समाजों से नहीं बनती। इसकी वजह से एक समाज एक जगह जाता है तो प्रतिद्वंद्वी समाज दूसरे दल की ओर रुख कर लेता है। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार के कामों के बूते वोट मांगेगी और कांग्रेस उनकी नाकामियां गिनाएगी। कांग्रेस की अपनी गारंटियां भी चुनाव का मुद्दा हैं।

### गणेश-सिद्धार्थ आमने-सामने, नारायण बिगाड़ेंगे खेल, एक बार त्रिकोणीय मुकाबले में बाजी मार चुकी है बसपा

# विंध्य की सतना सीट पर तीन महाबलियों में मुकाबला

*विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट में त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। अंचल के तीन महाबली भाजपा के गणेश सिंह, कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा और बसपा से नारायण त्रिपाठी मैदान में उतर चुके हैं। सिद्धार्थ विधानसभा चुनाव में गणेश को पराजित कर चुके हैं। अब दोनों लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने हैं। बसपा में हाल में शामिल पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी भी कम नहीं हैं। वे दोनों का खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। इसीलिए अभी से यह कहना कठिन है कि पलड़ा किसका भारी है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट के लिए 1996 में हुआ चुनाव भुलाया नहीं जा सकता। तब प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा भाजपा से और अर्जुन सिंह तिवारी कांग्रेस से मैदान में थे। बसपा ने यहां से सुखलाल कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया था। चुनाव यादगार इसलिए है क्योंकि सुखलाल दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हरा कर बाजी मार ले गए थे। सतना में एक बार फिर इसी तरह के मुकाबले के आसार हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद अपने सांसद गणेश सिंह पर फिर भरोसा किया है और कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हरा कर विधायक बने सिद्धार्थ को ही उनके मुकाबले खड़ा किया है। बता दें कि सिद्धार्थ 1996 में अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हराने वाले सुखलाल कुशवाहा के ही बेटे हैं। बसपा की ओर से मैदान में हैं मैहर क्षेत्र से 4 बार विधायक रहे नारायण त्रिपाठी। क्षेत्र में ब्राह्मणों की तादाद सर्वाधिक लगभग साढ़े 5 लाख है। बसपा का अपना वोट बैंक है ही। इनकी दम पर नारायण भी जीत की उम्मीद कर रहे हैं। इसी आधार पर सतना में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। सतना विधानसभा चुनाव में पराजय से साफ है कि गणेश सिंह से लोग प्रसन्न नहीं हैं। गणेश सिंह मोदी लहर के भरोसे जीतने का दावा करते हैं, लेकिन लोगों की नाराजगी को काबू में करना उनके लिए बड़ी चुनौती है। कांग्रेस के सिद्धार्थ लगातार चौथा चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा के दो चुनाव वे जीत चुके हैं। गांव- गांव फैला कुशवाहा समाज का वोट उनकी ताकत है। बसपा के नारायण दल बदल में अव्वल हैं। ब्राह्मण समाज में पकड़ उनकी ताकत बन सकती है।



गणेश सिंह



सिद्धार्थ कुशवाहा



नारायण त्रिपाठी

### विधानसभा के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी

विधानसभा चुनाव में मिली सीटें और वोटों के लिहाज से सतना में भाजपा का पलड़ा भारी है। क्षेत्र की दो सीटों सतना और अमरपाटन में ही कांग्रेस का कब्जा है जबकि शेष पांच सीटें भाजपा के पास हैं। कांग्रेस से खुद सिद्धार्थ सतना से विधायक हैं और दूसरे अमरपाटन से पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र कुमार सिंह। कांग्रेस का दोनों सीटों में जीत का अंतर 10 हजार 531 वोटों का ही रहा, जबकि भाजपा ने पांचों सीटें 1 लाख, 4 हजार 74 वोटों के अंतर से जीती हैं। इस तरह भाजपा को विधानसभा चुनाव में ही लगभग 95 हजार वोटों की बढ़त हासिल है। सतना भाजपा के गढ़ के रूप में भी तब्दील है। 1998, 1999 के दो चुनाव रामानंद सिंह जीते और चार बार से गणेश सिंह सांसद हैं।

### सतना जिले को मिला कर बनी लोस सीट

सतना लोकसभा सीट में कोई मिलावट नहीं है। जिले की सभी सात विधानसभा सीटें इसके तहत आती हैं। ये सीटे हैं चित्रकूट, रैगांव, सतना, नागौद, मैहर, अमरपाटन और रामपुर बघेलान। कोई दूसरा जिला इसमें शामिल नहीं है। क्षेत्र में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और अमरपाटन से विधायक राजेंद्र सिंह भी ताकतवर हैं। अजय सिंह 2014 में यहां से चुनाव लड़ चुके हैं और लगभग 8 हजार वोटों के अंतर से ही हारे थे। उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री स्व अर्जुन सिंह भी यहां से सांसद रहे हैं। इस नाते उनके समर्थकों की अच्छी खासी तादाद क्षेत्र में है। यदि सिद्धार्थ को अजय सिंह और राजेंद्र कुमार सिंह का साथ मिल जाए तो वे कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

### ब्राह्मण ज्यादा, पिछड़ा वर्ग भी कम नहीं

सतना लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा लगभग साढ़े 5 लाख के आसपास है। यह वर्ग गणेश सिंह से नाराज बताया जाता है। इसका लाभ बसपा के नारायण त्रिपाठी को मिल सकता है। दलितों का एक हिस्सा बसपा को वोट देता ही है। दूसरे नंबर पर लगभग डेढ़ -डेढ़ लाख पटेल और कुशवाहा समाज के मतदाता हैं। इनका क्रमशः भाजपा के गणेश और कांग्रेस के सिद्धार्थ के पास जाना तय है। इनके अलावा पिछड़े वर्ग की अन्य जातियां भी काफी तादाद में हैं। इनका भाजपा और कांग्रेस के बीच बंटवारा हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### 30 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रवीण सिंह ने जिले में होली पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 30 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेशानुसार रंगपंचमी पर जिले की समस्त 71 कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफ.एल.-3, होटलबार, गोदाम तथा जिले के देशी मद्यभाण्डागारों को सांय 5.00 बजे तक बंद रखने का आदेश दिया है।

### अवकाश के दिनों में नीलामी बंद रहेगी

**सीहोर।** कृषि उपज मंडी समिति सीहोर में आगामी त्योहार एवं बैंक अवकाश के कारण कृषि उपजों व लहसुन-प्याज की नीलामी नहीं होगी। कृषि उपज मंडी के सहायक संचालक/सचिव ने जानकारी दी की 30 मार्च को रंग पंचमी, 31 मार्च को रविवार, 01 अप्रैल को बैंक बंद के कारण अवकाश रहेगा। सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि मण्डी में अवकाश के दिनों में अनाज एवं लहसुन-प्याज विक्रय के लिए नहीं लाए।

### मप्र भूलेख पोर्टल एक से 5 अप्रैल तक रहेगा बंद

**सीहोर।** कृषि वर्ष परिवर्तन के कारण कार्यालय आयुक्त, भू-अभिलेख ग्वालियर द्वारा संचालित मध्यप्रदेश भूलेख पोर्टल https://mpbhulekh.gov.in की सेवाएं एक अप्रैल, 2024 से 5 अप्रैल तक स्थगित रहेंगी।

### किसानों ने सुबह करीब 11 बजे वेयर हाउस के गेट पर प्रदर्शन शुरू कर दिया था

# ट्रॉलियां रिजेक्ट करने से गुस्साए किसानों ने श्यामपुर में जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर लगाया जाम

किसान बोले इस बार फरवरी और मार्च में बारिश होने के कारण गेहूं की फसल आड़ी हो गई थी। इस कारण हार्वेस्टर से कटाई में भी हल्की मिट्टी आई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/श्यामपुर

गेहूं की ट्रॉलियां रिजेक्ट करने से गुस्साए किसानों ने श्यामपुर में जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। श्यामपुर में शुक्रवार को किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि यहां उनका गेहूं मिट्टी वाला बताकर रिजेक्ट किया जा रहा है। अफसर सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

किसानों ने सुबह करीब 11 बजे वेयर हाउस के गेट पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलने पर श्यामपुर के तहसीलदार श्याम चंद्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों के प्रदर्शन के देखते हुए वेयर हाउस के मेन गेट पर ताला लगवाकर खरीदी बंद करा दी। इसको लेकर किसान और आक्रोशित हो गए। हाईवे पर जाम लगाने की सूचना मिलने पर श्यामपुर थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जाम खोलने के लिए कहा। इस पर किसानों ने उन्हें घेर लिया। किसानों ने कहा कि हमारी उपज की तुलाई होने लगे हम जाम खोल देंगे। किसानों ने कहा कि आप तहसीलदार को मौके पर बुला दीजिए, वे तुलाई शुरू करा दें हम जाम जाम खोल देंगे।

### तहसीलदार ने दिया खरीदी शुरू करने का आश्वासन

किसानों के प्रदर्शन और मांग को देखते हुए थाना प्रभारी की सूचना पर तहसीलदार वापस प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा की। उनसे जाम खोलने और तुलाई में सहयोग करने की बात कही। इस पर किसानों ने कहा कि आप उपज की तुलाई शुरू करा दीजिए, हम जाम खोल देंगे। इस पर तहसीलदार ने एक घंटे बाद यानि दोपहर 1:30 बजे के बाद तुलाई शुरू कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद खाद्य विभाग की टीम ने भी किसानों को गेहूं तुलाई का आश्वासन दिया। इस पर किसान हाईवे से हटे। दोपहर करीब दो बजे से वाहनों का निकलना शुरू हो गया। किसानों के प्रदर्शन के कारण हाईवे पर वाहनों की कतार लग गई। किसानों का कहना है कि हम अपनी उपज सीधे खेतों से निकालकर ला रहे हैं। इस बार फरवरी और मार्च में बारिश होने के कारण गेहूं की फसल आड़ी हो गई थी। इस कारण हार्वेस्टर से कटाई में भी हल्की मिट्टी आई है। अफसर उपज में मिट्टी मिली होने की बात कह रहे हैं। जबकि बारिश के समय जनप्रतिनिधियों ने कहा था कि किसानों को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।





### फूड इंस्पेक्टर बोले- हमने बंद नहीं कराई खरीदी

किसानों के प्रदर्शन के बाद खाद्य विभाग टीम ने केआर लॉजिस्टिक वेयर हाउस बैरागढ़ खुमान पहुंचकर किसानों के गेहूं की जांच की। फूड इंस्पेक्टर आकाश चंदेल ने बताया कि हमने खरीदी केंद्र का जायजा लिया था। वहां गेहूं में छह से सात प्रतिशत मिट्टी मिली थी। यह मानक से दोगुनी है। इसका गुरुवार शाम को पंचनामा बनाया था। हमने खरीदी बंद नहीं कराई है। जिनका गेहूं अच्छा है वह खरीदा जा रहा है। मिट्टी वाला गेहूं लेने पर इन्हें साफ कराना पड़ेगा। इन्हें या तो वेयर हाउस संचालक साफ कराए या समिति साफ करे। मिट्टी मिला हुआ गेहूं एफसीआई को नहीं भेजा जाएगा।

अब उपज नहीं खरीदी जा रही है। वेयर हाउस पर प्रबंधन का कहना है कि खाद्य विभाग की टीम ने केंद्र का जायजा लिया था। उनके निर्देश के बाद मिट्टी वाला गेहूं नहीं खरीद रह हैं।



### लोगों ने थाना प्रभारी को घेरा

हाईवे पर जाम लगाने की सूचना मिलने पर श्यामपुर थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जाम खोलने के लिए कहा। इस पर किसानों ने उन्हें घेर लिया। किसानों ने कहा कि हमारी उपज की तुलाई होने लगे हम जाम खोल देंगे। किसानों ने कहा कि आप तहसीलदार को मौके पर बुला दीजिए, वे तुलाई शुरू करा दें हम जाम जाम खोल देंगे।

### बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम पर जिला टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम पर जिला टास्क फोर्स तथा विभागीय समन्वय बैठक जिला पंचायत संभाकक्ष में दोपहर 12.00 बजे आयोजित की गई। बैठक में जलवायु परिवर्तन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया गया।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी,तहसीलदार, समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वायु प्रदूषण के मद्देनजर विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। कृषि एवं सहकारिता विभाग प्रमुख को सिंचाई के जल के कुशल उपयोग के लिए कार्यक्रम विकसित करने एवं प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया गया। पशुपालन विभाग में जलवायु परिवर्तन के कारण पशु रोगों और पशुजन्य रोगों में नई चुनोतियों, पशुओं का टीकाकरण एवं आवारा पशुओं की जनसंख्या पर नियंत्रण करना, मौसम विभाग के लिए चरम मौसम के लिए सटीक और समय पर पूर्वानुमान, जल विभाग द्वारा सभी के लिए सुरक्षित एवं पर्याप्त जल का प्रबंधन एवं आपूर्ति न्यूनतम घरेलू सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित करना। स्कूल शिक्षा विभाग, नगर पालिका, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को इस संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया द्वारा प्रस्तुतीकरण में जानाकारी दी गई कि वायु प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग, हृदय एवं स्ट्रोक, ओजोन परत रिक्तीकरण कई प्रकार के रोग, फेफड़ों का केंसर, बच्चों में शारीरिक विकास में बाधा, रक्त का विषैला होना, बालों का झड़ना, गले में खराश या दर्द, एलर्जी संक्रमण जैसी बीमारियों होने का खतरा बना रहता है।



# किसानों को नहीं आने दी जाएगी कोई भी दिक्कत:सन्नी महाजन

**सीहोर।** श्यामपुर दोराहा क्षेत्र में वेयर हाउसों पर ताले लगाने और गेहूं की खरीदी रोकने पर किसान हितैशी वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने संबंधित अधिकारियों के व्यवहार को लेकर शुक्रवार को कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने कहा कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार किसान हितैशी सरकार है। गेहूं उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गेहूं उपार्जन केंद्रों पर किसानों से दुव्र्यवहार करने और किसानों के द्वारा लाए गए गेहूं की मामूली कमियां को बड़ा बताकर रिजेक्ट करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर कलेक्टर के माध्यम से सख्त कर्रवाही कराई जाएगी। महाजन ने कहा कि किसानों को हाईवे पर चक्का जाम जैसे प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं है। प्रदेश सरकार किसानों के साथ है किसानों की हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि श्यामपुर दोराहा स्थित जबलपुर जयपुर हाइवे पर शुक्रवार सुबह 11 बजे के दरमियान किसानों ने गेहूं खरीदी बंद किए जाने और वेयर हाउसों पर ताले लगाने को लेकर चक्काजाम कर दिया था जिस कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था इधर किसानों के द्वारा गेहूं में आ रही हल्ली मिटटी होने पर अधिकारियों के द्वारा गेहूं रिजेंक्ट किए जाने से नारजगी प्रकट की जा रही थी। किसानों का कहना था कि प्राकृतिक आवदा के कारण गेहूं में खेत की हल्लकी मिट्टी आ रही है और अगर छलना लगाया जाता हौ तो गेहूं के बारिक दाने निकल जाएंगे जिस से गेहूं की उपज आधी ही रह जाएगी और किसानों को आर्थिक नुकसान होगा।



## खबर संक्षेप

### होली मिलन समारोह और महिला दिवस का आयोजन आज

**सीहोर।** शनिवार 30 मार्च रंग पंचमी पर स्थानीय कार्यमंगलम भोपाल नाका परिसर में महिलाओं द्वारा होली मिलन समारोह एवं महिला दिवस भी मनाया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी समारोह की आयोजिका का जागृति लोधी ने देते हुए बताया कि समाज की गृहणियाँ जो कि रात-दिन रात घर परिवार में व्यस्त रहती हैं, विशेषकर उनके लिए यह आयोजन रखा गया है। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सोनम प्रिंस राठौर और अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा जी की धर्मपत्नी जिज्ञासा प्रदीप मिश्रा उपस्थित रहेंगी। साथ ही नगर की सभी वरिष्ठ महिलाएं, युक्तियाँ उक्त समारोह में जमकर रंग गुलाल एवं फूलों की होली खेलेंगे। महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वतंत्रता हेतु ध्यान में रखकर या आयोजन किया गया है। इस समारोह में सभी महिलाएं एवं युक्तियाँ रंग पंचमी पर नाच गाने व भजनों के साथ होली खेलेंगे। जागृति ने बताया कि सभी महिलाओं एवं युवतियाँ होली समारोह में निःशुल्क प्रवेश होगा। उक्त आयोजन दिनांक 30 मार्च को दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 तक स्थानीय कार्य मंगलम भोपाल नाके पर आयोजित होगा।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 मार्च तक

**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-01 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के लिए ऑनलाईन फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2024 निर्धारित की गई है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 प्राचार्य ने जानकारी दी कि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-01 में सत्र 2024-25 में संयुक्त चयन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। चयन परीक्षा में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। परीक्षा में चयनित होने के लिए कक्षा 8 वीं में उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। आवेदन शुल्क 200 रुपए निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देख सकते है।

### प्रवेश के लिए 31 मार्च तक आवेदन

**सीहोर।** भोज मुक्त विश्व विद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी है। भोज मुक्त के अध्ययन केंद्रों में दूरस्थ शिक्षा शिक्षा पाठ्यक्रम के तहत संचालित डिग्री और डिप्लोमा कोर्स की पढ़ाई के लिए आवेदन 31 मार्च तक किए जा सकते हैं। विद्यार्थी किसी भी अन्य विश्व विद्यालय से यदि कोई नियमित पाठ्यक्रम में अध्ययनरत है तो भी वे उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

### नीट एमडीएस का परिणाम 18 को

**सीहोर।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन की ओर से नीट मास्टर इन डेंटल सर्जरी (एमडीएस) का परिणाम 18 अप्रैल को जारी कर दिया जाएगा। इसमें उम्मीदवार के कुल अंकों के साथ उनकी रैंक भी घोषित कर दी जाएगी। इस आधार उन्हें मेडिकल कॉलेज अलॉट किया जाएगा। नीट एमडीएस का आयोजन 18 मार्च को हुआ था।

## कार्यकर्ता सम्मेलन व होली मिलन समारोह चापड़ा में हुआ आयोजित

# कार्यकर्ता सम्मेलन में नेताओं ने रखी अपनी बात, जीत को लेकर भरी हुंकार

विधानसभा चुनाव के चलते कार्यकर्ता एवं होली मिलन समारोह हुआ। मंच पर पहुंचने के बाद भी किसान नहीं रख पाए अपनी बात, अधिग्रहित की गई भूमि की उचित मुआवजा की थी मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा





आगामी विधानसभा चुनाव के चलते नगर चापड़ा में बागली रोड पर स्थित ऋण मुक्तेश्वर धर्मशाला में विधानसभा स्तरीय भाजपा का कार्यकर्ता एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंत्री विजय शाह, भाजपा सांसद प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल, जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, मुरली भंवरा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी, पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे, मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह एवं बागली विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्ष की उपस्थित में, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम कि शुरुआत कि गई।

इस दौरान मंचासीन अतिथियों द्वारा केंद्र सरकार की योजना के बारे में जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी दिनों में होने वाले मतदान के लिए आज से ही मैदान संभालने की अपील की गई। नेता अपने उद्बोधन में सिर्फ मोदी के नाम पर ही वोट मांगते दिखाई दे रहे थे। मंत्री विजय शाह ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बागली विधानसभा में हमेशा कमल ही खिला है, और यह परंपरा आगामी दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी जारी रहना चाहिए। इस दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी के नेतृत्व में अंकुर कानूनगो सहित समर्थकों का भाजपा के दुपट्टे से स्वागत किया गया। बागली मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वागत भाषण दिए। इस दौरान नप करनावद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, नप बागली अध्यक्ष सीमा कमल यादव, खुशीलाल राठौर, निर्मला कार्पेंटर, भगवानसिंह कासलीवाल, अमित धूलिया, उज्वल जोशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था लोकसभा चुनाव सहप्रभारी कमल यादव व्दारा किया गया। ज्ञानेश्वर पाटिल 2021 में लोकसभा के उपचुनाव के दौरान पहली बार सांसद बने थे। मंच से भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के दौरान सिर्फ केंद्र सरकार एवं मोदी के नाम पर ही वोट मांगने की बात कही गई।

### मार्ग पर लगा जाम

कार्यक्रम स्थल पर बागली मार्ग पर भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं के वाहन खड़े होने के कारण लगभग 1 घंटे तक मार्ग से गुजरने वाले अन्य राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दे की बागली में कमल किशोर नागर की कथा चल रही है, जिस कारण ट्रैफिक भी अधिक है। नेताओं द्वारा सड़क पर वाहन खड़े कर दिए गए।

## उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा के निवास पहुंचे



### इछावर में होली मिलन समारोह में शामिल हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष

**सीहोर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल गत दिवस सीहोर पहुंचे। इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल हुए तो वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा के निवास पर भी पहुंचे। यहां पर श्री अरोरा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमीता अरोरा ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने होली एवं रंगपंचमी की बधाई व शुभकमानाएं भी दीं। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल एवं भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा के बीच कुछ राजनीतिक चर्चाएं भी हुईं। इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा को लोकसभा चुनाव को लेकर भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। श्री अरोरा ने भी उन्हें विश्वास दिलाया है कि इस बार सीहोर विधानसभा क्षेत्र सहित इछावर विधानसभा छेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान भी रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराएंगे। इधर इछावर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा भी पहुंचे और उन्होंने मंच भी साझा किया। यहां पर उन्होंने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई, शुभकामनाएं भी आदान-प्रदान की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज परमार, मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप चोंडी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिकों से मतदाता सूची से नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जा सकेंगे। ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए नागरिक Voter Helpline App और voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन और ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

## बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉलसेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय (UPAY) एप या बिजली वितरण केन्द्र, जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की पूरी व्यवस्था की गई है। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। जिसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 में यह प्रावधान है कि 'अनुज्ञप्तिधारी या स्वामी की सहमति के बिना कोई इलेक्ट्रिक लाइन, सामग्री या मीटर को हटाएगा या ले जाता है या अन्यत्र जगह लगाता है, चाहे वह कार्य लाभ या अभिलाभ के लिए किया गया हो या नहीं, तो इसे विद्युत लाइनों और सामग्री की चोरी का अपराध कहा जाएगा और वह कारावास से जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।

## आजकल युवा न सिर्फ नशे के आदी बन रहे हैं, बल्कि इंटरनेट की अनियंत्रित उपयोगिता का अडिक्शन भी उनमें बढ़ाः डॉ. प्रदीप पाटील

### आज किया जाएगा मानसिक आरोग्य केन्द्र के तत्वावधान में जारी तीन दिवसीय शिविर का समापन



**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम और नशा मुक्ति केन्द्र में मानसिक आरोग्य केन्द्र के तत्वाधान में जारी तीन दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य निशुल्क शिविर के दौरान करीब तीन सौ से अधिक युवाओं और बच्चों की जांच निशुल्क कराई गई। इस मौके पर नागपुर के प्रसिद्ध डॉ. प्रदीप पाटील ने कहा कि आज बच्चों, युवाओं के साथ बुजुर्गों में चिड़चिड़ापन, जल्दी गुस्सा होना माने को उतारू होना आदि की समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि आजकल युवा न सिर्फ नशे के आदी बन रहे हैं, बल्कि इंटरनेट की अनियंत्रित उपयोगिता का अडिक्शन भी उनमें बढ़ा है। इसे रोकने के लिए गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। मोबाइल का अधिक प्रयोग करते-करते आज कल युवा, व्यस्क सहित प्रत्येक आयु वर्ग में एक नवीन रोग ने जन्म लिया है। मोबाइल का प्रयोग लोगों द्वारा इस हद तक किया जा रहा है कि उनकी आंखें भी शुष्क हो जा रही हैं। यदि बच्चों से मोबाइल ले लिया जाये या उन्हें मोबाइल प्रयोग करने से मना किया जाये तो वे आक्रामक हो रहे हैं।

### मोबाइल अडिक्शन शराब और ड्रग्स वाले नशे से भी बढ़कर

डॉ. पाटील ने कहा कि मोबाइल एडिक्शन शराब और ड्रग्स वाले नशे से भी बढ़कर है। इसकी वजह से बच्चों में नींद न आना, भूख की कमी, दिमाग पर बुरा असर और आख खराब होने जैसी समस्यायें उत्पन्न होने लगती हैं। किसी व्यक्ति में इस लत के आने से पहले तक मोबाइल के किरदार को देखें तो ये एक ऐसा माध्यम था जिसने जीवन को बिल्कुल ही सरल बना दिया था। किसी से बात करनी हो या कोई सन्देश भेजना है तो यह काम झट से हो जाता है। इसके अलावा खतरनाक गेम जो कभी-कभी अवसाद में ले जाकर आत्महत्या के कगार पर छोड़ जाते हैं।

### आज किया जाएगा समापन

केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि मानसिक आरोग्य केन्द्र के तत्वाधान में इशा फाउडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय शिविर का शनिवार को समापन किया जाएगा। मनोरोग, सरदर्द, अनिद्रा, उदासी, पागलपन, सम्मोहन, आत्महत्या निवारण, बाल मानस व्यसनमुक्ति, मिर्गी एवं लैंगिक समस्या आदि के विशेष संबंधित मरीजों के साथ परामर्श करेंगे और उनका निशुल्क इलाज की व्यवस्था की जाएगी।

### एक दर्जन से अधिक पाइंट पर दूसरे दिन चर्चा

केन्द्र के संचालक सिंह ने बताया कि दूसरे दिन शुक्रवार को मोबाइल के नशे के बढ़ते चलन, अनिद्रा, घबराट, मन अशांत रहने की समस्या, कान में विभिन्न आवाज के बारे में जानकारी, सेक्स की समस्या, भूख कम आना, उदास एवं निराश रहना, किसी बात में आनंद कम आना, मन न लगना, कुछ करने की इच्छा न होना, मन में आत्महत्या का विचार आना आदि समस्याओं के बारे में अवगत किया गया। शनिवार को बीएएमएस डॉ. दीपक सेन आदि के द्वारा मानसिक रोग सहित अन्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## अवैध शराब और पिस्टल लेकर घूम रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**श्यामपुर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सीहोर पूजा शर्मा के मार्गदर्शन मे थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं पिस्टल सहित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण -दिनांक 29.03.24 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति कचनारिया जोड़ पर अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब लिये कही जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहूंचकर आरोपी महेन्द्र गौर पिता गोवर्धन गौर उम्र 27 साल निवासी ग्राम कचनारिया थाना श्यामपुर के कब्जे से 60 लीटर अवैध शराब व एक अवैध पिस्टल 02 जिंदा कारतुस को जप्त किया गया। आरोपी महेन्द्र गौर का कृत्य अवैध रुप से देशी कच्ची हाथ भट्टी की शराब व पिस्टल मय कारतूस के रखे पाए जाने पर,




आरोपी का क्रत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम एवं धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय होने से आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्घ किया गया। संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक संध्या मिश्रा, उनि रामबाबु राठौर ,उनि राकेश शर्मा, प्र.आरक्षक 54 महेश कुमार, आर 670 हिम्मतसिंह,आर 463 अमित नागर,आर 284 राजेश ,आर 661 लखन वर्मा ,सैनिक 276 महिपाल थाना वाहन चालक महेश दांगी की सरहानीय भुमिका रही।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जाएगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव और वार्ड प्रभारी द्वारा भी समग्र पोर्टल पर हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी किया जा सकता है।

## विधिक जागरुकता शिविर का किया आयोजन

# दीन दुखियों की मदद महायज्ञ में आहूति के समान पुण्य का काम : मुकेश कुमार दांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में संकल्प वृद्धाश्रम एवं संकल्प नशामुक्ति केन्द्र सीहोर में विजिट एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर मुकेश कुमार दांगी, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जितेन्द्र तिवारी, संकल्प वृद्धाश्रम एवं नशामुक्ति केन्द्र से राहुल सिंह, काउंसलर नटवर कुशवाह, वृद्धजन एवं नशामुक्ति केन्द्र में उपचार करा रहे व्यक्ति उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम में श्री दांगी द्वारा कहा गया कि दीन दुखियों की मदद करना महायज्ञ में आहूति से कम नही है। हम सभी को हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। वृद्धाश्रम में विजिट के दौरान मुकेश कुमार दांगी द्वारा वृद्धजनों की समस्याओं को जाना गया। साथ ही वृद्धजन के पास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य एवं खानपान सम्बंधी सुविधाओं एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहने की सलाह दी गई। वृद्धजनों को स्वल्पाहार सामग्री भी वितरित की गई। संकल्प नशामुक्ति केन्द्र सीहोर पर नशे का सेवन करने वाले व्यक्तियों को नशे से दूर रहने की सीख देते हुए नालसा नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 तथा कानून व विधिक की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। साथ ही नशे के कुप्रभावों के बारे में बताते हुए दृढ़ संकल्पित होकर बुरे व्यसनों को त्यागने की बात भी कही गई। उपचार का लाभ ले रहे व्यक्तियों से उनके अनुभव भी जाने गए तथा उन्हें आवश्यक सलाह भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में मुकेश कुमार दांगी का स्थानांतरण होने के कारण उनका पुष्पगुच्छ एवं शॉल-श्रीफल देकर वृद्धाश्रम तथा नशामुक्ति केन्द्र की टीम द्वारा सम्मानित किया गया।

## संत वे होते हैं जो संसार के दुख को भी सुख में बदल देते हैं: भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा

### संत उद्घावदास महाराज के 32 सौ किलोमीटर नर्मदा परिक्रम कर लौटने पर किया सम्मान



**सीहोर।** त्यागी आश्रम के संत उद्धाव दास के द्वारा करीब 121 दिन तक निरंतर 32 सौ किलोमीटर नर्मदा परिक्रम कर लौटने पर जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने संतों के समक्ष उनका सम्मान किया। इस मौके पर संत उद्धाव दास महाराज के साथ आए उज्जैन के संत मुनिश्वर दास सहित अन्य ने आगामी एक मई से होने वाले श्री विष्णु महायज्ञ, श्रीराम कथा एवं विराट राष्ट्रीय संत सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा, आशीष वर्मा, आकाश शर्मा, यश अग्रवाल आदि शामिल थे।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को बड़ी संख्या में संतों ने भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा से भेंट की थी। इस मौके पर कुबेरेश्वरधाम पर इन संतों का स्वागत सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि संतों के साथ सीहोर के प्रसिद्ध उद्धाव दास महाराज का नर्मदा परिक्रमा से लौटने पर पंडित श्री मिश्रा के द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि संत वे होते है जो संसार के दुख को भी सुख में बदल देते है और अंधकार को प्रकाश में बदल देते है। संत समाज को जागरूक करते है।

दोनों की क्षेत्रों में दशकों से दूसरे शहरों के भरोसे चल रहा जीवन

# अच्छे स्वास्थ्य और रोजगार के लिए पलायन को मजबूर हैं मरीज और मजदूर



लोकसभा चुनाव में अपने मतदान से वंचित रह जाएंगे कई मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

युवाओं को रोजगार पाने के लिए दूसरे शहर जाने का मामला हो या फिर मजदूर वर्ग को 200-250 रुपए का काम पाने के लिए दूसरे राज्यों या शहरों पर निर्भरता, यह बताने के लिए काफी है कि जिले में जनप्रतिनिधियों ने दशकों इस पलायन को रोकने के लिए कोई मजबूत आधारशिला नहीं रखी। आज भी तंवरवाड़ अंचल के हालात जस के तस बने हुए हैं। सरकारी योजनाओं की विफलता एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते गांव के अधिकतर लोग जिनमें 6 साल की बच्चे भी शामिल हैं रोजगार के लिए राजस्थान का रूख करने को मजबूर हैं। बुधवार रात को भी राजगढ़ बस स्टैंड पर काम की तलाश में राजस्थान जाने वाले लोगों को देखा गया। जब उनसे बात की गई तो सरकार की मनरेगा जैसी योजना की सच्चाई भी सामने आ गई। वहीं यदि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बात की जाए तो आए दिन प्रसूताओं को रेफर व बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ जैसे मामले सामने आते रहते हैं। ऐसे में अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी मरीजों को पलायन ही करना पड़ता है।



### तंवरवाड क्षेत्र के अधिकतर गांवों से होता है काम के लिए पलायन

*दशकों से दो जून की रोटी कमाने के लिए एक शहर से दूसरे शहर व दूसरे राज्यों तक पलायन होता आ रहा है फिर चाहे वह युवा बेरोजगार हो या फिर देहाड़ी पर काम करने वाला मजदूर वर्ग। जिले में रोजगार की स्थितियां दोनों के लिए ही अनुकूल नहीं हो पा रही है। राजगढ़ बागपुरा , धान्याखेड़ी, धनवास, किसनपुरिया ,लहरचा, बाक्यापुरा, मेरियाखेड़ी जैसे राजगढ़ जनपद के तंवर क्षेत्र के ज्यादातर गांवों से काम के लिए पलायन होता रहता है।*

### मनरेगा भी बेअसर

*हालात ऐसे हैं गांवों में मनरेगा में एक दिन की मजदूर 221 रुपए दिए जाने का वादा और 100 दिन काम की गारंटी भी बेअसर साबित होती दिखाई दे रही है। बुधवार की रात को राजस्थान बस का इंतजार करने वाले मेरियाखेड़ी गांव के मुकेश, भूरा व अन्य से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि लहसुन उखाड़ने के लिए कोटा व राजस्थान के अन्य शहरों में जाएंगे जहां पर उन्हें 200-250 रुपए मिलते हैं। हालांकि मनरेगा में भी अप्रैल से मजदूरी बढाई जा रही है जो कि 250 के आसपास ही होने जा रही है। ऐसे में क्या इस पलायन को रोका जा सकता है ?*

### सैकड़ों मजदूरों के पलायन से मतदान पर पड़ेगा असर

*तंवरवाड क्षेत्र से काम के लिए पलायन करने वाले और फिर कुछ समय के बाद वापस आने वाले ग्रामीणों का इस समय जाना लोकसभा में उनके मतदान करने पर संशय है। सैकड़ों मजदूर जो दूसरे राज्यों में अपनी दिहाड़ी कर रहे हैं क्या वह अपने वाली 7 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे?*

# प्रेम प्रसंग के चलते सीआरपीएफ के पूर्व जवान ने नदी में कूदकर की आत्महत्या

## आत्महत्या के पूर्व रात्रि में बनाया वीडियो, सुसाइड नोट भी छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक पूर्व जवान ने गुरुवार को नेवज नदी में कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, होमगार्ड व स्थानीय लोगों ने काफी समय तक शव को खोजने का प्रयास किया। बाद में नदी के छोटी पुलिया में पानी रोकने लगाए गए तरापों को भी खोला गया ताकि पानी निकलने पर शव मिल सके। आठ घंटे की मशक्कत के बाद आखिर नदी से युवक का शव खोज लिया गया। मृतक द्वारा आत्महत्या के पूर्व रात्रि में बनाए गए एक वीडियो में एक मां-बेटी पर संगीन आरोप लगाए गए हैं। वहीं, उसके घर पर भी एक सुसाइड नोट मिला है।



### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार वाल्मीकि मोहल्ला निवासी मनीष पिता बागमल हुंडिया उम्र 30 वर्ष सीआरपीएफ, ग्वालियर में पदस्थ था। कुछ समय पहले ही उसने ने नौकरी से इस्तीफा भी दे दिया था। रात्रि में मनीष ने शहर निवासी अपनी प्रेमिका और उसकी मां द्वारा पैसों के लिए परेशान करने संबंधी एक वीडियो बनाया। इसके बाद गुरूवार सुबह उसने नेवज नदी के शिवघाट पर आकर नदी में कूद गया। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस, होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम शिवघाट पहुंची और सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया। एसपी आदित्य मिश्रा भी घटनास्थल पर पहुंचे और ऑपरेशन का जायजा लिया। बाद में नेवज नदी पर पानी रोकने के लिए लगाए गए लोहे के तरापों को खोलकर नदी का पानी भी निकालना शुरू किया गया ताकि मनीष का पता चल सके। सर्चिंग ऑपरेशन के सात घंटे बाद नदी में ही मनीष का शव मिल गया जिसे बाद में पीएम के लिए भिजवाया गया। पुलिस पूरे मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है।

## 30 व 31 मार्च को खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

**राजगढ़।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्रान्तर्गत 29, 30 एवं 31 मार्च को भी बिल भुगतान केंद्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रहेंगे। विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि 29 मार्च शुक्रवार को गुड फ्राइडे, 30 मार्च शनिवार एवं 31 मार्च रविवार को जिले मे कंपनी के सभी बिल भुगतान केंद्रों को खुला रखा जाएगा। कंपनी के अधिकारियों ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने निकटतम भुगतान केंद्र पर पीओएस मशीन, आईसेक्ट के कियोस्क के माध्यम से भी बकाया बिल राशि जमा कर सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए सभी मैदानी अमले एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया है ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

पैर में कई जगह कुत्ते के काटने के निशान

# एक वर्षीय बालिका को कुत्ते ने काटा, गंभीर घायल



**राजगढ़।** शहर की पीटी कंपनी निवासी एक वर्षीय बालिका को गुरूवार दोपहर एक कुत्ते ने कई जगहों पर काट लिया। बाद में परिजन बालिका को अस्पताल लेकर गए लेकिन ड्यूटी स्टाफ द्वारा लापरवाही करते हुए उचित इलाज नहीं किया गया। जानकारी के अनुसार जैनब पुत्री जावेद खान निवासी पीटी कंपनी गुरूवार दोपहर घर के बाहर ही खेल रही थी। इस दौरान एक कुत्ते ने उसे कई जगहों पर काट लिया जिसमें बालिका घायल हो गई। बालिका के पैर एवं जांघों पर कई जगह कुत्ते के काटने के निशान हैं। बताया जा रहा है कि जिस कुत्ते ने बच्ची को काटा है वो किसी का पालतू कुत्ता है।

निर्वाचन आयोग ने तय की चुनावी खर्च की सीमा

# लोकसभा चुनावों में 95 लाख तक खर्च कर पाएगा प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी लोकसभा चुनावों में भाग्य आजमाने वाले प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन आयोग ने चुनावी खर्च की सीमा तय कर दी है। कोई भी अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक इन चुनावों में खर्च कर सकेगा। इसके लिए संबंधित प्रत्याशी को बैंक में पृथक से एक एकाउन्ट खुलवाना होगा एवं इसका संपूर्ण हिसाब भी रखना होगा। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार निवार्चन व्यय के संबंध में अभ्यर्थी को एक रजिस्टर मेन्टेन करते हुए दैनिक व्यय लेखा का पूरा हिसाब रखना होगा। सभी बैनर, पोस्टर, पम्प्लेट चाहे वे नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के पहले मुद्रित, प्रकाशित किए गए हों, किन्तु वह भी संबंधित अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे।

### अभ्यर्थियों को देनी होगी आपराधिक प्रकरणों की जानकारी

लोकसभा निवार्चन के संबंध में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अधिकतम चार फार्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ एक शपथ-पत्र भी देना होगा। इस शपथ-पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी, ताकि मतदाता ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सके। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र निवार्चन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही राजनैतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उम्मीदवार के चयन का आधार बताते हुए तीन अलग-अलग तारीखों में उद्घघोषणा भी प्रकाशित करानी होगी।




## सीएमओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**खुजनेर।** लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा नगर के समस्त मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए रैंप , विद्युत तथा अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया जिससे मतदाताओं को मतदान करने में असुविधा उत्पन्न न हो साथ ही मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने के लिए भी अपील की मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि अन्तर्गत नगर में विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा मतदान के लिए जागरूकता फैलाई जाएगी। इस अवसर पर आर आई रामप्रसाद यादव, भूपेन्द्र लोहिया, जगदीश यादव उपस्थित रहे।

एडवोकेट रामेश्वर दयाल तिवारी ने की मांग

# पुराना तहसील भवन यथावत रखने और टीन शेड हटाकर सीमेंट छत करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर की मजबूत धरोहर होल्कर समय का बना तहसील भवन यथावत रखने एवं उस भवन को नवीन रूप देने के लिए भवन की टीन शेड हटाकर सीमेंट छत निर्माण की जाना चाहिए। ऐसी मांग एडवोकेट रामेश्वर दयाल तिवारी ने की। नगर में होल्कर स्टेट के समय का पुराना तहसील भवन सन 1929 का बस स्टैंड के पीछे बना हुआ है एवं उसी समय कोर्ट बिल्डिंग हायर सेकंडरी स्कूल के पास बनी हुई है।

उक्त दोनों तहसील भवन एवं कोर्ट बिल्डिंग वर्तमान समय में भी नगर की कीमती धरोहर होल्कर समय से है जो अपने आप मजबुती को दर्शाती है। वर्तमान समय के शासकीय भवनों से अधिक मजबूत हैं।क्योंकि अक्सर देखने में आता है नवीन शासकीय भवनों की छतों से अल्प समय में पानी टपकने लग जाता है उनका प्लास्टर उखड़ जाता है। जबकि होल्कर स्टेट के समय बने हुए उक्त दोनों भवन आज भी मजबूत दिखते हैं। एडवोकेट तिवारी ने बताया कि जन चर्चा में सुनने में आया है कि पुराने तहसील भवन को तोड़ा (गिराया) जाने वाला है। जबकि इस पुराने तहसील भवन की छत लोहे की चद्दरों की बनी है। इसकी दीवारें आज भी बहुत मजबूत है जो कि ऐरन - पत्थर की बनी है। ऐसा मजबूत भवन आज बनना असंभव है। इसलिए चाहिए कि इस पुराने तहसील भवन को यथावत सुरक्षित रखा जाए। इसके कमरों में लगे हुए दरवाजे लकड़ी आदि मजबूत एवं लोहे की तरह ठोस है, उनमें ना तो कीड़ा लगा है ना सड़े हैं। छत की चद्दरें भी नहीं सड़ी है। ऐसा पुराने तहसील भवन जैसा मजबूत भवन फिर से बनाया जाना पूर्णतया असंभव है। आज के अनुसार ही नया भवन बनाया भी जाता है तो कम से कम शासन का करोड़ों रूपया खर्च होगा। इसलिए सबसे उत्तम यही है कि उक्त भवन की चद्दरें एवं प्लास्टर निकाल कर नई छत बनाकर इस बिल्डिंग का प्लास्टर कर दिया जाए एक ऐतिहासिक बिल्डिंग भी बरकरार रहेगी। साथ ही शासन को भी चाहिए कि शासन उक्त मजबूत बने हुए ऐतिहासिक भवन का संरक्षण करे एवं इसी को नया स्वरूप प्रदान करे।



# संकट मोचन और खेड़ापति मंदिर की चोरियों का नहीं लगा सुराग

## शिवरात्रि के पूर्व की रात्रि हुई थी दोनों घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब एक पखवाड़े पहले शिवरात्रि की रात्रि की मुख्यालय के दो प्रसिद्ध मंदिरों में चोरों ने वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों मामले में मौका-मुआयना करने के उपरान्त अज्ञात बदमाशों पर चोरी की एफआईआर दर्ज कर मामला विवेचना में लिया था। लेकिन दोनों घटनाओं को 10 दिवस बीत जाने के बाद भी पुलिस खाली हाथ ही हैं।

वारदात कारित करने वालों के बारे में कुछ खास पता नहीं लग पाया है। हालांकि, पुलिस अपने मुखबिर तंत्र सहित अन्य माध्यमों से चोरी का सुराग लगाने में जुटी हुई है लेकिन अभी तक कोई खास सफलता हाथ नहीं लग पाई है। मंदिर कमेटी के लोगों ने पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि चोरी का जल्द पता लगाया जाए। इस बारे में थाना प्रभारी वीरसिंह का कहना है कि चोरी की वारदात वाले दोनों ही मंदिर सुनसान वाले एरिए में हैं जहां आसपास सीसीटीवी भी नहीं है। ऐसे में पड़ताल करने में समय लग रहा है लेकिन उनकी तलाश जारी है।


डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंची

राजगढ़ के दो हनुमान मंदिरों में चोरी, दानपेटियों के तोड़े ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पावन पत्र की रात्रि में ही बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। दोनों चोरियां राजगढ़ के दो प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों में हुई हैं। अज्ञात चोरों ने रात्रि के समय मंदिर की दानपेटियों के ताले तोड़कर पूरा चढ़ावा चुरा लिया। इसके साथ ही मंदिरों के अन्य सामानों की चोरी कर डाली।

सुबह जब मंदिरों में भक्तजन, पुजारी व अन्य पहुंचे तब ताले टूटे देखकर सभी के होश उड़ गए। दोनों घटनाओं की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट एवं डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी भी खंगाल रही है।

खेड़ापति मंदिर का साउंड सिस्टम भी चुराया

नेवज नदी के बड़े पुलिया के समीप खेड़ापति हनुमान मंदिर है। मंदिर की बड़ी दानपेटी का ताला रात्रि में बदमाशों ने तोड़ा। इसके साथ ही सब्बल या लोहे के अन्य नुकीले सामान से दानपेटी के लॉक तोड़कर पूरी दानराशि चुरा लिया। मंदिर के समीप ही एक कमरे का ताला तोड़कर वहां रखे साउन्ड सिस्टम व अन्य छोटे-मोटे सामान चोर चुरा ले गए।

दान पेटी

खेड़ापति हनुमान और संकटमोचन मंदिर में हुई वारदात

संकटमोचन मंदिर को भी बनाया निशाना

नगर के संकट मोचन मंदिर में भी दानपेटी का ताला चटकाया गया है। चोर यहां से एक बड़ा साउन्ड सिस्टम व अलमारी के ताले तोड़कर बहुत सा सामान चुराकर ले गए। मंदिर समिति के लोकेश दुबे, कैलाश मौर्य, पुजारी बैरागी की सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। अंदेशा है कि एक ही गिरोह ने दोनों वारदातों को अंजाम दिया है।

### पूर्व में भी हो चुकी हैं मंदिरों में चोरियां

आपको बतादें कि उक्त दोनों मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं के अलावा भी पूर्व में खोयरी महादेव मंदिर, बाड़िया रोड स्थित हनुमान मंदिर, नजर बाग हनुमान मंदिरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। महीनों बीत जाने के बाद भी इन तीनों चोरियों के संबंध में पुलिस के हाथ कुछ खास सुराग अभी तक नहीं लग पाए हैं।

इंदरसिंह लववंशी नियुक्त

# विधायक प्रतिनिधि नियुक्त के बाद समाज ने माना आभार




**ब्यावरा।** विगत दिवस राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ब्यावरा जनपद वार्ड क्रमांक-19 के जनपद सदस्य और लोधा लववंशी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी को जनपद पंचायत ब्यावरा में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया था। इसके उपलक्ष्य में राज्य मंत्री पवार का लोधा लोधी समाज के प्रमुख वरिष्ठ जनों युवा साथियों ने प्रदेश अध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी के नेतृत्व में उनके निवास पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया। आभार स्वरूप उन्हें साल श्रीफल पगड़ी बांधकर मिठाई खिलाकर वीरांगना महारानी अवंती बाई की तस्वीर भेंट की और पवार साहब का आभार जताया। इस आभार कार्यक्रम में लोधा समाज के जिला अध्यक्ष रोड कंवर , ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रसाद लववंशी, ज्वाला प्रसाद लववंशी ,शिवनारायण लववंशी , करणसिंह सैकड़ो की संख्या में समाज जन उपस्थित हुए और सभी ने मान्य राज्य मंत्री का आभार जताया।

सड़क किनारे खुदे गड्ढों से हो सकता है बड़ा हादसा

# अधूरे सोल्डर छोड़ गायब हुआ ठेकेदार, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली हराना से पाटक्या सड़क लोनिवि द्वारा बनाई गई। जो हराना गांव से दो किलोमीटर दूर दो वर्ष पूर्व की तेज बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो थी। मार्ग पर तेज पानी के बहाव से सड़क के एक और करीब दस फीट गहरी खाई बन गई। जिससे सड़क के अंदर के हिस्से में करीब दो तीन फीट जगह खाली हो गई।

आलम यह है कि यहां सड़क जिला मुख्यालय और दूसरी ओर तहसील मुख्यालय सारंगपुर को जोड़ती है। इस सड़क से ही ग्रामीण जिला मुख्यालय व ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, बैलगाड़ी और स्कूल वाहन गुजरते हैं। सड़क के किनारे वाले हिस्से की मिट्टी बहने से कभी भी सड़क धंस सकती है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग द्वारा गत वर्ष सड़क की दोनों सड़क किनारे का सोल्डर ओर डामरीकरण का टैंडर हो गया लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी विभाग के ठेकेदार ने उक्त सड़क का सोल्डर और डामरीकरण का कार्य पूरा नहीं किया। समय रहते मार्ग की मरम्मत नहीं की गई तो निकट भविष्य में दुर्घटनाओं के साथ ही आवागमन भी बाधित होने की संभावनाएं है।



### अवैध उत्खनन की खबर छपने के बाद अधूरा कार्य छोड़कर गायब हुआ ठेकेदार

लोक निर्माण विभाग द्वारा हराना से पाटक्या गांव तक की 7 किलोमीटर लम्बी सड़क का पिछले वर्ष टैंडर ठेकेदार को होने के बाद सड़क का सोल्डर का काम शुरू किया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से मुरम का खनन किया जा रहा था जिससे शासन को आर्थिक नुकसान हो रहा था। जिसकी खबर प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने के बाद से ही ठेकेदार ने आधा अधूरा सोल्डर और डामरीकरण कार्य छोड़कर चला गया जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### रात को नहीं दिखाई देती खंती

डामर का निचला स्थल खाली होने से रात के अंधेरे में वाहन चालकों को सड़क किनारे बनी खंती दिखाई नहीं देती है। जिससे रोज राहगीरों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। सरपंच शिवनारायण बंदेला,ग्रामीण देवसिंह मंडलौई, पूनमचंद नागर, बद्रीलाल बुंदेला, रामविलाश पटेल,हरिनारायण नागर, जयनारायण नागर, लक्ष्मी नारायण चैधरी, रामबाबू मंडलौई, मोहनलाल राव आदि ने लोनिवि से ठेकेदार द्वारा आधा अधूरा कार्य को बरसात के पहले मुरम डालकर डामरीकरण करने की मांग की।

### इनका कहना है...

ठेकेदार ने जितना कार्य किया है उतना ही भुगतान किया है।
**दीपक कुमार उपाध्याय,** एसडीओ पीडब्ल्यूडी विभाग सारंगपुर।

**खबर संक्षेप**

## मतदान केंद्र तोड़ने वालों से हो वसूलीः शर्मा



**सीहोर।** जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने अनुविभागीय दंडाधिकारी और सीहोर विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी तन्मय वर्मा को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि पुराना नगर सुधार न्यास परिसर स्थित एक मतदान केंद्र को पिछले दिनों सीहोर नगरपालिका द्वारा बेवजह तोड़ दिया गया था जिसके स्थान पर अब बिना बीम कालम के चद्दर शेड का नया कमजोर मतदान केंद्र बनाया जा रहा है जिससे गर्मी के मौसम में मतदानकर्मियों और मतदाताओं को ना केवल भारी परेशानी होगी बल्कि उनकी जान को भी खतरा रहेगा तथा इससे सीहोर जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम को भी धक्का लगेगा। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि इसमें दिलचस्प बात यह है कि ये नया मतदान केंद्र भी सिर्फ चुनाव के लिए ही बनाया जा रहा है, मतदान होने के बाद इसे भी गिरा दिया जाएगा, यदि पुराने भवन को लोकसभा चुनाव के बाद गिराया जाता तो सभी पक्ष इस बड़ी परेशानी और गिराने, बनाने तथा फिर गिराने से होने वाली आर्थिक हानि से भी सीहोर नगरपालिका बच सकती थी, इसलिए ऐसा तुगलकी निर्णय लेने वालों पर आर्थिक वसूली, दंडात्मक कार्रवाई सहित इंजीनियर के निलंबन और ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की भी मांग पंकज शर्मा ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी से की है।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समारोह कल

**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर का होली मिलन समारोह कल दिनांक 31 मार्च को प्रातः 11 से 3 बजे तक स्थानीय भूतेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित किया जावेगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर कार्यकारिणी ने उक्त होली मिलन समारोह में नगर के सभी स्वजातीय बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की गई है। इस मौके पर सहभोज का कार्यक्रम भी रखा गया है।

## राशन दुकान का किया निरीक्षण

**सीहोर।** भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चोपड़ा ने सीहोर जिले के ताकीपुर स्थित उपार्जन केंद्र तथा ग्राम हकीमाबाद की शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव स्मृति भारद्वाज, कलेक्टर प्रवीण सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। तकीपुर स्थित मध्य प्रदेश वेयरहाउस स्थित उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के दौरान किसानों से भी चर्चा की।

### आष्टा में रंग पचमी के एक दिन पहले खेली गई महादेव की होली, देखते ही बन रहा था लोगों का उत्साह

# महादेव की होली में जमकर बरसा अबीर-गुलाल, चल समारोह में उमड़े हजारों, पं.प्रदीप मिश्रा हुए शामिल








महादेव की होली का निकला चल समारोह,हजारों लोगों हुए शामिल। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने बदली वर्षो पुरानी नवाबी होली की परंपरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वर्षो से चली आ रही नवाबी होली की परंपरा को प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने महादेव की होली में बदल दिया है और लगातार तीन वर्षो से शहर में महादेव की होली भव्य और विशाल रुप से मनाई जा रही है और रंग पंचमी से एक दिन पहले मंगलवार को नगर के प्रमुख मार्गो पर महादेव की होली में जमकर रंग गुलाल उड़ाया गया तो चारो तरफ़ महादेव की होली की धूम दिखाई दी। गौरतलब है की यह लगातार तीसरा वर्ष है जब शहर में पंडीत प्रदीप मिश्रा की मोजुदगी में महादेव की होली मनाई गई! इस असवर पर महादेव की होली का चल समारोह शूरू होने से पहले पंडित प्रदीप मिश्रा ने सुभाष चौक स्थित महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की।

इसके बाद एक खुले रथ पर सवार होकर पंडीत प्रदीप मिश्रा चल समारोह में शामिल हुए। जो नगर के सुभाष चौक से होते हुए सिकंदर बाज़ार, बडा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, पुराना बस स्टेंड, खत्री मार्केट, बुधवारा रोड़, बाबा रामदेव मन्दिर से होते हुए कालोनी चौराहे पर समाप्त हुआ। जहा पूर्व पार्षद पंकज यादव के नेतृत्व भव्य रूप से आधुनिक मशीनों के द्वारा गुलाल उड़ाकर चल समारोह का स्वागत किया गया।

### गीतों पर जमकर झूमे युवक-युवतियां

आपको बता दे की इस बार महादेव की होली को भव्य रुप से मनाने के लिए हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट के नेतृत्व में हिन्दू उत्सव समिती कई दिनों से तैयारी कर रही थी। इस दौरान विशाल चल समारोह भी निकाला गया जिसमे दिल्ली की अघोरी टीम , उज्जेन की भस्म रमैया डमरू टीम, भूतो की टोली, अजनाश के ढोल अकर्षण का केंद्र रहे तो वहीं इंदौर से बुलाई गई आधुनिक ड्रेगन मशीन से खूब गुलाल उड़ाया गया। लिहाजा इस मौके पर 2 हज़ार से ज्यादा रंगो की गुलाल की बोरिया बुलवाई गई थी। वही 20 क्विंटल गुलाब के फूलो का भी इस्तमाल किया गया था। इस दौरान बड़ी संख्या मे महादेव की होली मनाने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से महिला पुरुष शामिल हुए।



### मधुमक्खियों ने किया हमला

चल समारोह के दौरान सिकंदर बाज़ार में शहजानी मस्जिद के पास अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसके चलते चल समारोह को जल्दी जल्दी आगे बड़वाया गया। खेर गनीमत यह रही की इस मधुमखी के हमले में कोई बड़ी घटना नही घटी। जिनमे शाहजानी मस्जिद के सामने बनी दुकानों की छत से ड्रोन कैमरे के द्वारा नजर रख रहे फोटोग्राफर संजय बांबे और इनके अन्य एक साथी भी मधुमक्खी के हमले का शिकार हुए इस दौरान फोटोग्राफर संजय बांबे के चेहरे पर मधुमक्खी के काटने से सूजन आ गई।

### किन्नर समाज भी शामिल हुआ, पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट, ड्रोन कैमरे से रखी नजर

शहर में लगातार तीसरे वर्ष मनाई गई महादेव की होली में शहर का किन्नर समाज भी शामिल हुआ जो पुरे समय चल समारोह डीजे, बैंड, ढोल की धुन पर महिलाओ, पुरुष, युवक युवतियां के साथ जमकर थिरकते हुए नज़र आए तो एक दूसरे खूब गुलाल भी लगा कर होली बधाई देते हुए दिखाई दिए। इस दौरान महादेव की होली में पंडीत प्रदीप मिश्रा के शामिल होने की खबर से पहले ही पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर था और चल समारोह के दौरान चप्पे चप्पे पुलिस जवानों के तैनात रही। एसडीएम स्वाती उपाध्याय, एसडीओपी आकाश अमलकर, थाना प्रभारी रविंद्र यादव, पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा तहसिलदार पंकज पवैया, नायब तहसीलदार मुकेश सांवले पुरे समय सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए नजर आए। वहीं पुलिस ने हर छोटी बड़ी घटना पर नज़र रखने के लिए ड्रोन कैमरे भी लगा रखे थे जो पुरे जुलूस पर नज़र रखे हुए। यही कारण है की पुलिस प्रशासन की चौक चौबंद व्यवस्था कोई भी अप्रिय घटना घटित नही हुईं।

### सांसद, विधायक हुए शामिल, बड़ा गणपति ग्रुप की होली रही आकर्षण का केंद्र

महादेव की होली सुभाष चौक से शूरू हुई जिसका समापन कालोनी चौराहे पर किया गया। लिहाजा यह पूर्व पार्षद पंकज यादव के नेतृत्व में बडा गणपति ग्रुप के सदस्यों द्वारा भव्य और विशाल रुप से आधुनिक मशीनों द्वारा कई क्विंटल गुलाल और फूल से भव्य होली मनाई गई। इस दौरान बडा गणपति ग्रुप द्वारा आयोजित कालोनी चौराहे की यह होली नगर में चर्चा के साथ आकर्षक का बिंदु बनी रहीं। वही महादेव होली के चल समारोह में जहां बड़ी संख्या में युवक युवतियां और महीला, पुरुष शामिल हुए तो देवास शाजापुर संसदीय सीट से भाजपा सांसद महेंद्र सोलंकी, विधायक गोपाल इंजिनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी राय सिंह मेवाड़ा, मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, सुनील सेठी, नीलू खंडेलवाल, बसंत पाठक, पंकज नाकोड़ा, पंकज राठी, सुमित मेहता, वीरेंद्र राठौर, सिद्धांत सेठी, अवनीश पिपलोदिया, रूपेश राठौड़ सहित बड़ी संख्या में लोग मोजूद रहे।









## युवा संगठन और शौर्य समिति ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पार्वती की पावन धरा आष्टा में पांच दिवसीय होली मनाई जा जाती है। शुक्रवार को प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा आष्टा में महादेव की होली खेलने पहुंचे। इस दौरान नगर में दिनभर रंग-गुलाल उड़ता रहा। इस दौरान सुभाष चौक से जुलूस निकाला गया, जो नगर के मुख्य मार्गों से निकला। विशाल जुलूस का सैंधव समाज के युवाओं ने रंग गुलाल उड़ाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत कियामहादेव की होली में सैंधव समाज के युवा शिव भक्तों ने जमकर उड़ाया अबीर गुलाल शौर्य समिति ने गुलाल, अबीर और फूलों का किया था इंतजाम जो महादेव की होली में शामिल श्रद्धावान शिव भक्तों पर उड़ाया समिति अध्यक्ष शेलेन्द्र सिंह ने समस्त युवाओं का आभार प्रकट किया।



## नगर की गौशाला में दान देकर गौ सेवा का लाभ ले रहे दानदातागण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के ईशान कोण में स्थित मॉ पार्वती धाम गौशाला पिछले एक दशक से अधिक समय से गौसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। नगर एवं आसपास के निवासियों के सहयोग से मॉ पार्वती धाम गौशाला में करीब 150 से अधिक गौ माताओं एवं गौ वंश की सेवाऐ अनवरत जारी हैं। दानदातागण बढ चढकर गौ सेवा के क्षैत्र में समिति को धन राशि एवं भूसा आदि उपलब्ध करा रहे हैं। मॉ पार्वती धाम गौशाला समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाह, उपाध्यक्ष श्रीमति किरण राकां, कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, सहसचिव रवि कामरिया, पूर्व पार्षद अनिल धनगर, सुनिल कचनेरिया एडवोकेट दान दाताओ से विनय कर गौ माताओं के लिए भूसे की व्यवस्था के लिए दान राशि का सहयोग कर रहे हैं। नगर के चिर परिचित दानदाता जितेन्द्र अवधनारायण सोनी ने 51000 रूपये, सेठ सुरेश नामदेव ने 17100 रूपये, दिनेश सोनी पूर्व अध्यक्ष मानस सम्मेलन, स्वर्णकार समाज पूर्व अध्यक्ष सुभाष सांवरिया, जितेन्द्र कुमार रूपेश कुमार धारीवाल ने 11000-11000 रूपये, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, लक्ष्मी स्वीट्स के नरेश राजेश ललवानी, कैलाश भोजवानी, प्रवीण भूतिया, श्रीमति कमला बोहरा की स्मृति में 5100-5100 रूपये, शिवचरण बजाज 4000 रूपये, पूर्व पार्षद शैलेष राठौर, गणेश किशन सोनी, राजू गुप्ता पत्रकार, एकता बूट हाउस, महालक्ष्मी महिला मंडल, डॉ. विजय कोचर, डॉ. लोकेन्द्र पाल, दिनेश धनगर, संजय कुमार संदीप कुमार जैन चाय घर, पूर्व पार्षद अनिल धनगर श्रीमति दुर्गा बाई धनगर, की स्मृति में 2100-2100 रूपये दान देकर पुण्य अर्जन का लाभ लिया हैं। समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह ने दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।



### मुनि भूतबलि सागर की समाधी के बाद मुनि सागर महाराज ने दिए आशीष

# गुरु होकर भी शिष्य जैसे थे, कभी कोई पदवी नहीं लीः मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज की समाधि के बाद गुरुदेव मुनि भूतबलि सागर जी महाराज ने कहा था कि मेरी भी समाधि का समय आ गया है। जिस प्रकार घर में बुजुर्गों के रहने से घर हरा-भरा लगता है, उसी प्रकार हमारे ऊपर गुरु का आशीर्वाद व सानिध्य एक पिता के समान था। हम चारों मुनिगण एक साथ ही धर्म आराधना, सामयिक सहित निहार चर्या आदि करते थें।भावना भव नाशिनी है। यह कलयुगी संसार है। चेतन को हम भूला नहीं सकते हैं। यह बातें नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर मुनि भूतबलि सागर महाराज की समाधि मरण के दूसरे दिन उनके प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि गुरुदेव भूतबलि सागर महाराज से पूछकर काम करते थे। गुरु होकर भी शिष्य जैसे थे कभी कोई पदवी नहीं ली। आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज से मिलने के दौरान उन्हें कहा था कि जब हाथ पैर काम करना बंद कर दें तो समाधि ले लेना। अपने गुरु की बातों पर अमल करते हुए समाधि मरण किया। मुनि सागर महाराज ने कहा कि गुरुदेव ने हम तीनों को मुनि दीक्षा देकर अपना हमें शिष्य बनाकर उपकार किया। ब्रह्मचर्य सहित 11 प्रतिमा,28 गुणों का पालन कराया। उन्होंने रत्नात्रय प्रदान किया। 35 साल से आपके साथ और 30 चातुर्मास किया। मुनि सागर महाराज ने कहा हमारे कारण उत्तर भारत में प्रवेश किया। 2006 में मध्यप्रदेश आएं और यहीं के होकर रह गए। 80 पार होते ही 50 किमी नित्य चलने वाले गुरु 5 किमी पैदल चलते थें। नेमावर में एक दिन आचार्य भगवंत के पास रुके। आचार्य श्री से गुरु ने पूछा आपको बिना चश्मे के दिखता है, उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा हां। हाथ पैर कमजोर हो जाए ,जब समाधि संलेखना लेना। उसके पहले समाधि लेने से आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज ने मना किया था।




## महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह का किया आयोजन, दी प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया एवं विद्यार्थियो को संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रज्ञा ,कल्पना मालवीय, सोनू बैरागी ने नृत्य प्रस्तुत किया एवं कपिल चौहान, दुर्गा वर्मा द्वारा हास्य व्यंग्य प्रस्तुत किया गया। नेहा ठाकुर द्वारा काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियो को वर्ष भर हुई गतिविधियों के पुरस्कार भी वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन सलोनी ठाकुर ने किया। अंत में पलक सैंधव ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियो के अलावा शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक सदस्य उपस्थित रहे।